# पाठ–9

# काल और वाच्य

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. 'मोर नाच रहा है।' इस वाक्य में काल है–
   (i) सामान्य वर्तमान (ii) अपूर्ण वर्तमान (iii) संदिग्ध वर्तमान
2. 'राकेश दिल्ली जायेगा।' इस वाक्य में वाच्य है–
   (i) कर्तृवाच्य (ii) कर्मवाच्य (iii) भाववाच्य
3. जिसमें कार्य के भूतकाल में पूरा होने में संदेह होता है, उसे कहते हैं–
   (i) पूर्ण भूतकाल (ii) अपूर्ण भूतकाल (iii) संदिग्ध भूतकाल

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. 'प्रीति ने खाना खा लिया।' वाक्य में ________ काल है।
2. 'वह घर पहुँच गया होगा।' वाक्य में ________ काल है।
3. 'बालक पढ़ता है।' वाक्य में ________ काल है।
4. 'क्रिकेट खेला गया।' वाक्य में ________ वाच्य है।
5. 'बालक से हँसा नहीं जाता।' वाक्य में ________ वाच्य है।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. काल के चार भेद होते हैं।
2. संदिग्ध वर्तमान काल में कार्य के वर्तमान समय में होने में संदेह पाया जाता है।
3. सामान्य भूतकाल में कार्य सामान्य रूप से बीते हुए समय में होता है।
4. वाच्य के तीन भेद होते हैं।
5. जहाँ क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष कर्ता के अनुसार हों, उसे कर्मवाच्य कहते हैं।

**निर्देशानुसार वाक्य बनाइये–**

1. रमा पत्र ________ (पढ़ना – अपूर्ण वर्तमान काल)
2. गाय घास ________ (खाना – सामान्य भविष्यत् काल)
3. सोनू विद्यालय ________ (जाना – भूतकाल काल)
4. वह शायद कल ________ (मिलना – संभाव्य भविष्यत् काल)
5. श्याम ________ (जाना – संदिग्ध भूतकाल)

✿ **निम्नलिखित वाक्यों के वाच्य लिखिए—**

1. परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे। ________
2. गाय ने चारा खाया। ________
3. घोड़ा दौड़ाया जाता है। ________
4. माँ ने बेटे के लिए खाना परोसा। ________
5. बच्चे से सोया नहीं जाता। ________
6. पक्षियों से उड़ा नहीं जाता। ________

LIVEWORKSHEETS